## श्री नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ, जिला मन्दसौर (म.प्र.)

## रिक्त निदेशक पद पर भर्ती हेतु

श्री नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ यह विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) से सम्बद्धता प्राप्त संस्थान है। संस्थान को म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल से अनुदान प्राप्त होता है। संस्थान में निदेशक का पद यूजीसी वेतनमान में प्रोफेसर/स्नातकोत्तर प्राचार्य के समकक्ष है, जिसका वेतनमान 37400–67000+10000 (एजीपी)+विशेष भत्ता 3000 है। संस्थान में छटवां वेतनमान लागू है। निदेशक पद के लिये इतिहास विषय में पीएच.डी. होना अनिवार्य है, एवं यूजीसी के नियमानुसार विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और उच्च शिक्षा की अन्य संस्थाओं में कम से कम 15 वर्षों के अध्यापन/शोध की सेवा/अनुभव के साथ प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर होना चाहिए। यूजीसी सूचीबद्ध जर्नल अथवा पीयर रिव्यू जर्नल में कम से कम 10 शोध प्रकाशन तथा परिशिष्ठ–2 तालिका 2 के अनुसार न्यूनतम 110 शोध का प्राप्तांक होना जरुरी है। निदेशक को पांच वर्षों की अवधि के लिये नियुक्त किया जावेगा, जिसका कार्यकाल इन विनियमों के अनुसार इस विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा कार्य मूल्यांकन के आधार पर पांच वर्ष की दूसरी अवधि के लिये बढ़ाया जा सकता है। निदेशक के रुप में अपना कार्यकाल पूर्ण करने के पश्चात पदधारी, प्रोफेसर के ग्रेड में प्रोफेसर पदनाम के साथ अपने मूल कार्यालय में पुनः कार्यभार ग्रहण करेगा। उक्त पद हेतु निर्धारित योग्यता धारक सुयोग्य उम्मीदवार संबंधी जानकारी प्राप्त होने पर संस्थान द्वारा नियमानुसार निदेशक पद भरने के पूर्व म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल से पद भरने संबंधी अनुमति प्राप्त होने के उपरांत नियुक्ति संबंधी आगामी प्रक्रिया की जावेगी। इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा संस्थान के ई–मेल info@natnagar.org पर भेजें एवं मोबाईल नम्बर 9893761845 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सचिव/अध्यक्ष

श्री नटनागर शोध संस्थान, सीतामऊ, जिला मन्दसौर (म.प्र.)